<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2326

31 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन के लिए संयुक्त उद्यम

2326. एडवोकेट नरेन्द्र केशव सावईकरः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में विभिन्न स्तरों के इस्पात उत्पादन हेतु आर्सेलर मित्तल के साथ संयुक्त उद्यम शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त संयुक्त उद्यम में कुछ मतभेद उत्पन्न हो गए हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इन मतभेदों को सुलझाने और उद्यम का सुविधाकारी कार्यकरण सुनिश्चित करने हेतु क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

<u>उत्तर</u>

<u>इस्पात राज्य मंत्री</u> **<u>श्री विष्णु देव साय</u>**

(क) से (ग): जी नहीं। तथापि, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और आर्सेलर मित्तल ने भारत में एक संयुक्त उद्यम (जेवी) के तहत एक ऑटोमोटिव इस्पात निर्माण सुविधा की स्थापना करने की संभावना का पता लगाने के लिए दिनांक 22 मई 2015 को एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। सेल और आर्सेलर मित्तल दोनों के प्रतिनिधियों वाली एक टास्क फोर्स टीम संयुक्त उद्यम कंपनी की स्थापना करने के लिए विस्तृत अपेक्षित उद्यम एवं प्रारंभिक व्यवहार्यता अध्ययन तथा सभी अन्य मुद्दों पर कार्य कर रही है।

****